# पटना विश्वविद्यालय

## अधिसूचना

एलएल0 एम0 सत्र–2025–27, की प्रवेश परीक्षा के परिणाम के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों की संशोधित सूची विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर दिनांक 10.10.2025 के देर शाम अपलोड किया जाएगा। अभ्यर्थी इसे अपने लॉग इन आई डी से लॉग इन कर देख सकते हैं। जिन आवेदकों का नाम उस सूची में है वे विश्वविद्यालय के वेबसाइट–www.pup.ac.in पर अपने लॉग इन आई डी एवं पासवर्ड की मदद से allotment letter देखें और उसमें अंकित नामांकन शुल्क ऑनलाइन भुगतान करें। वैसे अभ्यर्थी जो पहली सूची में थे और संशोधित सूची में भी उनका नाम है, और नामांकन शुल्क जमा कर चुके हैं, को नामांकन शुल्क जमा करने की जरूरत नहीं है लेकिन उन्हें नया अलॉटमेन्ट लेटर डाउनलोड करके काउंसेलिंग में भाग लेना होगा।

नामांकन शुल्क भुगतान के बाद अलॉटमेन्ट लेटर, पेमेन्ट स्लिप एवं आवेदन–पत्र डाउनलोड करें।

उपरोक्त तीनों कागजात ( अलॉटमेन्ट लेटर, पेमेन्ट स्लिप एवं आवेदन–पत्र) के साथ अपना चार पासपोर्ट साईज फोटो, सभी मूल प्रमाण–पत्र (सभी मूल प्रमाण–पत्र की एक छायाप्रति भी ले जाएँ) सहित स्नातकोतर विधि विभाग समय पर पहुँचकर नामांकन कराएँ। काउंसेलिंग एवं नामांकन 13 एवं 14 अक्तूबर, 2025 को स्नातकोतर विधि विभाग में होगा। काउंसेलिंग का समय प्रातः 10.00 बजे से शाम 4.00 बजे तक है।

संशोधित सूची के सभी चयनित आवेदकों को निर्धारित तिथि और समयावधि में ही अपना नामांकन करवाना होगा अन्यथा उनका दावा स्वतः समाप्त हो जाएगा।

विभागाध्यक्ष, विधि विभाग, प्रतिदिन किए गए validation का प्रतिवेदन प्रो0 रजनीश कुमार, नामांकन प्रभारी, को संकायाध्यक्ष कार्यालय में रिपोर्ट देंगे। वे अभ्यर्थी का नामांकन validate करने के बाद उसी समय **"provisionally admitted"** का रसीद उनको अवश्य दे देंगे।

नोट– वैसे अभ्यर्थी जिनका नाम संशोधित सूची में नहीं है और वे पहले नामांकन शुल्क ऑनलाइन जमा कर चुके हैं, का नामांकन शुल्क उनके उसी खाता में वापस कर दिया जाएगा जिससे उन्होंने भुगतान किया था।

कुलपति के आदेश से

कुलसचिव

पटना विश्वविद्यालय, पटना।

ज्ञाप संख्या– Adm/1552 दिनांक 10.10.2025

प्रतिलिपि–01. सभी संकायों के अध्यक्ष, पटना विश्वविद्यालय, 02. सभी स्नातकोतर विभागों के अध्यक्ष, पटना विश्वविद्यालय, 03. सभी महाविद्यालयों के प्रधानाचार्य, पटना विश्वविद्यालय, 04. सभी संस्थानों के निदेशक, पटना विश्वविद्यालय, 05. सभी पदाधिकारी, पटना विश्वविद्यालय, 06.प्रोफेसर इन चार्ज, आई क्यू ए सी सेल, पटना विश्वविद्यालय, 07. प्रोफेसर इन चार्ज, आई टी सेल (को विश्वविद्यालय के वेबसाइट पर अपलोड किए जाने हेतु), 8. नामांकन कार्य कर रही ऑटोमेशन एजेंसी, 9. सभी प्रशाखा पदाधिकारी, पटना विश्वविद्यालय, 10. निजी सहायक, कुलपति, पटना विश्वविद्यालय, 11. निजी सहायक, कुलसचिव, पटना विश्वविद्यालय, एवं 12. निजी सहायक, उपकुलसचिव, पटना विश्वविद्यालय, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

कुलसचिव

पटना विश्वविद्यालय, पटना।